**श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा समीक्षा बैठक दिनांक– 08.09.2022 की कार्यवृत्ति / दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनांक 08.09.2022 को अपरान्ह 12.00 बजे से विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में अधोहस्ताक्षरी द्वारा हर घर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0सी0,डी0पी0एम0यू0 तथा चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गयी चर्चा एवं दिये गये निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी कृपया निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में 3,66,040 Total rural household हैं, परन्तु अभी तक 18150 household tap connections कराये गये है, जो कि कुल household tap connections का 4.96 प्रतिशत है। चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) द्वारा माह सितम्बर में लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम household tap connections कराया गया है। चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि को अधिक से अधिक household tap connections कराने के निर्देश दिए गए। सभी सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को क्षेत्र में जाकर कनेक्शन कराने एवं कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि 65 जगहों पर, जिससे 196 राजस्व ग्राम आच्छादित हो रहे है में भूमि उपलब्ध नहीं है। सम्बन्धित प्रतिनिधियों को उपरोक्त जगहों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधियों को भूमि उपलब्धता के आधार पर अवशेष डी0पी0आर0 प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि अगले 15 दिनों में 124 अवशेष डी0पी0आर0 के सापेक्ष 92 डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेंगे। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जो डी0पी0आर0 स्वीकृत है, वहाँ कवर्ड एग्रीमेन्ट तैयार कर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, जिससे tap connections शीघ्रता से हो सके।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि 127 डी0पी0आर0 के सापेक्ष 89 डी0पी0आर0 एवं मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि 192 डी0पी0आर0 के सापेक्ष 130 डी0पी0आर0 डी0डब्लू0एस0एम0 को प्रेषित किये जा चुके है। सम्बन्धित को शीघ्र ही अवशेष डी0पी0आर0 डी0डब्लूएस0एम0 को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।
- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन में अवशेष डी0पी0आर0 भी तैयार कराये एवं डी0डब्लूएस0एम0 से अप्रूव कराकर एस0डब्लू0एस0एम0 में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें एवं household tap

connections की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें एवं फेज–1 में अवशेष कनेक्शन को भी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं एजेन्सियों को लक्ष्य देकर प्रगति में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें।

➢ मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों में सर्वे करते हुए आवश्यक अभिलेख एकत्रित कर लें एवं कार्यो में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें । यदि एक सप्ताह के अन्दर प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है, तो इस संबंध में कार्यवाही हेतु शासन को पत्र सन्दर्भित किया जायेगा।

बैठक के अन्त में सभी संबंधित को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अनिता यादव)
मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।**

पत्रांक– 874 /समीक्षा बैठक–निर्देश/2022–23 दिनांक 08-09 अगस्त, 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी, महोदय, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
3– डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
4– मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

(1)

डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर
जल निगम